UPJS100011392020

# न्यायालय सिविल जज ( सी०डि०) / ए०सी०जे०एम० , गरौठा , जनपद- झाँसी ।

**परिवाद संख्या- 963 / 2020**

**श्रीमती शान्ति देवी बनाम बारेलाल आदि ।**

**थाना- गरौठा ,जिला- झाँसी ।**

दिनांक- 09. 07. 2026

पत्रावली पेश हुई । पुकार पर परिवादिनी अनुपस्थित । परिवादिनी के विद्वान अधिवक्ता अनुपस्थित । परिवादिनी द्वारा न ही कोई मौका प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया । पत्रावली तलबी बहस हेतु विगत कई तिथियों से नियत है । तलबी बहस हेतु परिवादिनी को कई अवसर प्रदान किये गये हैं ,परन्तु परिवादिनी न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं आ रही है । आज भी कई बार पुकारे जाने पर परिवादिनी उपस्थित नहीं आयी, न ही परिवादिनी के अधिवक्ता उपस्थित आये । परिवादिनी की अनुपस्थिति को देखते हुए ऐसा प्रतीत हो रहा है कि परिवादिनी को यह परिवाद चलाने में कोई विशेष रूचि नहीं रह गयी । परिवाद को अनावश्यक लम्बित रखने का कोई औचित्य प्रतीत नहीं हो रहा है । अतः यह परिवाद परिवादिनी की अनुपस्थिति व बल न दिये जाने के कारण खारिज किये जाने योग्य है ।

## आदेश

**परिवाद संख्या- 963 / 2020 , श्रीमती शान्ति देवी बनाम बारेलाल आदि खारिज किया जाता है ।**

पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो ।

**( मयंक प्रकाश)**
**सिविल जज ( सी०डि०) / ए. सी. जे. एम.**
**गरौठा , जनपद- झाँसी ।**
J. O. Code- UP2293

Digitally signed by MAYANK PRAKASH
Date: 2026.07.09 16:42:07 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court